**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार**
**अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)**
**सत्र: 2026-27**
**विषय: सामाजिक विज्ञान**
**कक्षा: 6**

**निर्धारित अवधि: 2 घंटे 30 मिनट** **अधिकतम अंक: 60**

## सामान्य निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नपत्र छ: खंडों – क, ख, ग, घ, ङ एवं च – में विभाजित है।
3. खंड क में प्रश्न संख्या 1 के सभी उपप्रश्न बहुविकल्पीय हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। सही विकल्प का चयन कीजिए।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या 2 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक उत्तर कम से कम 20 शब्दों में लिखिए।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 6 एवं 7 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक उत्तर लगभग 40–60 शब्दों में लिखिए।
6. खंड घ में प्रश्न संख्या 8 एवं 9 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में लिखिए।
7. खंड ङ में प्रश्न संख्या 10 से 13 तक स्रोत/केस-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। दिए गए स्रोत/गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
8. खंड च में प्रश्न संख्या 14 मानचित्र-आधारित प्रश्न है तथा 5 अंक का है। दिए गए स्थानों को मानचित्र पर उचित प्रतीकों/चिह्नों द्वारा दर्शाइए।
9. प्रश्नपत्र में समग्र (Overall) विकल्प नहीं दिया गया है, तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
10. दृष्टिबाधित (Visually Impaired) विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर पृथक प्रश्न दिया गया है। यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों द्वारा ही हल किया जाएगा।
11. उत्तर लिखते समय स्वच्छता एवं स्पष्टता का विशेष ध्यान रखिए।

**खंड क**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (20x1=20)**

**(i) निम्नलिखित में से किसे भौतिक मानचित्र द्वारा दर्शाया जा सकता है?** **1**

1. पर्वत
2. महासागर
3. नदियाँ

**विकल्प**

(A) केवल 1 सही है।
(B) केवल 2 सही है।
(C) केवल 1 और 2 सही हैं।
(D) 1, 2 और 3 सही हैं।

**(ii) विश्व के सबसे बड़े महासागर का नाम लिखिए।** **1**

(A) प्रशांत महासागर
(B) हिंद महासागर
(C) आर्कटिक महासागर
(D) अटलांटिक महासागर

**(iii) सही मिलान की पहचान कीजिए।** **1**

(A) एशिया महाद्वीप - भारत
(B) अफ्रीका महाद्वीप - भारत
(C) यूरोप महाद्वीप - भारत
(D) ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप - भारत

**(iv) उचित विकल्प की सहायता से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।** **1**

100 वर्षों का कालखंड .......... कहलाता है।
(A) दशक
(B) पखवाड़ा
(C) सहस्राब्दी
(D) शताब्दी

**(v) भारत का सबसे प्राचीन ग्रंथ कौन-सा है?** **1**

(A) ऋग्वेद
(B) सामवेद
(C) यजुर्वेद
(D) अथर्ववेद

**(vi) 2019 में शिवगंगा आंदोलन के लिए किसे पद्मश्री से सम्मानित किया गया?** **1**

(A) महेश शर्मा
(B) अलोक वर्मा
(C) हिम्मत नेगी
(D) दिवाकर प्रसाद

**(vii) कानून तोड़ने पर दंड देने का अधिकार किस संस्था को है?** **1**

(A) केंद्र सरकार
(B) राज्य सरकार
(C) विधायिका
(D) न्यायपालिका

**(viii) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जन्म कहाँ हुआ?** **1**

(A) उत्तर प्रदेश
(B) गुजरात
(C) तमिलनाडु
(D) केरल

**(ix) नीचे दो कथन, अभिकथन (A) कारण (R) के रूप में दिए गए हैं । उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **1**

**अभिकथन (A) :** आर्थिक गतिविधियों से आय प्राप्त होती है।
**कारण (R) :** व्यापार के लिए कृषि एक गैर-आर्थिक क्रिया है।

**विकल्प**

(A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है परन्तु R गलत है।
(D) A गलत है परन्तु R सही है।

**(x) कथन I तथा कथन II को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **1**

**कथन I :** राजनीतिक मानचित्र देश, राज्य और सीमाओं को प्रदर्शित करता है।
**कथन II :** थिमैटिक मानचित्र से हमें विशिष्ट प्रकार की सूचनाओं का पता चलता है।

**विकल्प**

(A) केवल कथन I सही है।
(B) केवल कथन II सही है।
(C) दोनों कथन I और II सही हैं।
(D) दोनों कथन I और II गलत हैं।

**(xi) पृथ्वी पर स्थित बड़ी जलराशियों को क्या कहा जाता है?** **1**

(A) सागर
(B) नदी
(C) महासागर
(D) खाड़ी

**(xii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक इतिहास का पुरातात्विक स्रोत नहीं है?** **1**

(A) पांडुलिपि
(B) ताम्रपत्र
(C) कविता
(D) सिक्के

(xiii) **जम्बूद्वीप से अभिप्राय है-** **1**
(A) जामुन वृक्ष के फल का द्वीप
(B) विशाल नदियों का द्वीप
(C) विशाल आकार का द्वीप
(D) विशाल भूमि का द्वीप

**(xiv) संयुक्त परिवार में कौन-कौन शामिल होता है?** **1**
(A) केवल माता-पिता
(B) केवल दादा-दादी
(C) केवल नाना-नानी
(D) माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची

**(xv) निम्नलिखित में से कौन-सा विधायिका का हिस्सा नहीं है?** **1**
(A) लोकसभा
(B) विधानसभा
(C) राज्यसभा
(D) न्यायपालिका

## खंड ख
## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (4x2=8)

2.(A) संघ सरकार के किन्हीं दो कार्यों का वर्णन कीजिए। **2**

**अथवा**

2.(B) राज्य सरकार के किन्हीं दो कार्यों का वर्णन कीजिए। **2**

3. सामुदायिक सहभागिता के महत्व का विश्लेषण कीजिए। **2**

4. महासागरीय आपदाएँ हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती हैं? **2**

5.(A) किन्हीं दो अक्षांशीय रेखाओं का वर्णन कीजिए। **2**

**अथवा**

5.(B) मानचित्र के किन्हीं दो प्रकारों का वर्णन कीजिए। **2**

## खंड ग
## लघु उत्तरीय प्रश्न (2x3=6)

6.(A) इतिहास के अध्ययन में समयरेखा के महत्व का वर्णन कीजिए। **3**

**अथवा**

6.(B) इतिहास अध्ययन में सहायक किन्हीं तीन स्रोतों का वर्णन कीजिए। **3**

7.(A) परिवार के महत्व की व्याख्या कीजिए तथा आधुनिक समय में संयुक्त परिवार के घटने के कारणों का विश्लेषण कीजिए। **3**

**अथवा**

7.(B) समुदाय के महत्व की व्याख्या कीजिए तथा यह भी बताइए कि वर्तमान समाज में समुदाय की भूमिका कैसे बदल रही है। **3**

## खंड घ
## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2x5=10)

8.(A) किन्हीं पाँच महासागरों को सूचीबद्ध कीजिए तथा इसके पर्यावरणीय महत्व का वर्णन कीजिए। **5**


**अथवा**

8.(B) किन्हीं पाँच महाद्वीपों को सूचीबद्ध कीजिए तथा किसी एक महाद्वीप की भौगोलिक विशेषताओं का वर्णन करते हुए उसके संसाधनों का महत्व समझाइए। **5**

9. भारत के नामकरण की यात्रा का वर्णन कीजिए। **5**

## खंड ङ
## केस आधारित प्रश्न (4x4=16)

**10. नीचे दिए गए चित्र को देखिए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**



*एक काल्पनिक लघु नगर का मानचित्र*

**प्रश्न:**

**(10.1) रेलवे स्टेशन से स्कूल किस दिशा में है? (1)**

**(10.2) अस्पताल से बैंक किस दिशा में है? (1)**

**(10.3) बताइए कि नक्शे में दिशाओं की पहचान कैसे की जाती है? (2)**

**निम्नलिखित प्रश्न दृष्टि-बाधित उम्मीदवारों के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर दिया गया है।**

**प्रश्न:** मानचित्र पर मुख्य और मध्यवर्ती दिशाओं को समझाइए।

**11. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

एक लंबे समय में पृथ्वी की जलवायु में अनेक परिवर्तन आए हैं। एक समय पृथ्वी पर बहुत ठंड थी एवं इसका एक बड़ा भाग हिमाच्छादित (बर्फ से ढँका हुआ) था, इसलिए इसे 'हिम युग' कहा जाता था। इसके विषय में आप विज्ञान में विस्तार से अध्ययन करेंगे। बाद में जब जलवायु गरम होने लगी तो हिम का कुछ भाग पिघल गया, जिसके कारण तत्कालीन नदियों में जलभराव हो गया जो बाद में समुद्रों में समाहित हो गईं। हिम युग लगभग 1,00,000 (एक लाख) वर्ष पूर्व से लेकर 12,000 वर्ष पूर्व तक रहा।

**प्रश्न:**

**(11.1) हिमयुग क्या था? (1)**

**(11.2) आखिरी हिमयुग कब आया था? (1)**

**(11.3) हिमयुग के खत्म होने के किन्हीं दो प्रभावों की सूची बनाइए। (2)**

**12. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

परिवार न केवल अपने अंदर बल्कि अन्य परिवारों से और आस-पास के लोगों से भी जुड़े होते हैं। आपस में जुड़े लोगों के इस समूह को 'समुदाय' कहते हैं (विभिन्न संदर्भों में 'समुदाय' के अन्य अर्थ भी होते हैं)। समुदाय के सदस्य विभिन्न कारणों से एक साथ आते हैं, जैसे कि त्योहार मनाने और मेले, विवाह तथा अन्य अवसरों के आयोजन पर। कुछ गाँवों में लोग फसल कटाई और बुआई के लिए भूमि तैयार करने जैसे कृषि कार्यों में एक-दूसरे को सहायता देने के लिए भी एक साथ आते हैं। समय बीतने के साथ समुदाय प्राकृतिक संपदा और पानी, चरागाहों तथा वन-उत्पाद जैसे संसाधनों के साझा उपयोग पर सहमत हुए। यह अनेक जनजातीय समुदायों तथा कुछ ग्राम समुदायों में देखा गया है।

**प्रश्न:**

**(12.1) समुदाय क्या है? (1)**

**(12.2) समुदाय कैसे बनता है? (1)**

**(12.3) जनजातीय समुदायों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2)**

**13. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1+1+2=4)**

गैर-आर्थिक गतिविधियों में धनराशि सम्मिलित नहीं होती है, फिर भी इससे उत्पन्न मूल्य हमारे जीवन में महत्व रखते हैं। हमें मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों और गिरजाघरों आदि अनेक स्थानों पर सेवा कार्य देखने का अवसर मिलता है। उदाहरण के लिए, गुरुद्वारे में दर्शन हेतु आने वाले सभी श्रद्धालुओं को 'लंगर' या सामुदायिक रसोई में निःशुल्क भोजन कराया जाता है। इन सेवा कार्यों से हमें संतुष्टि और कृतज्ञता की अनुभूति होती है और ये सेवा कार्य निःस्वार्थ भाव से समाज में योगदान देते हैं।

**प्रश्न:**

**(13.1) गैर-आर्थिक गतिविधियाँ क्या हैं? (1)**

**(13.2) गैर-आर्थिक गतिविधि का एक उदाहरण दीजिए। (1)**

**(13.3) गैर-आर्थिक गतिविधियाँ क्यों महत्वपूर्ण हैं? (2)**

## खंड च

### मानचित्र आधारित प्रश्न (1x5=5)

**14.(A) भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाएं एवं उनके नाम लिखें- (2x1=2)**

**(I) कलिंग**

**(II) सौराष्ट्र**

**14.(B) विश्व के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को दर्शाइए एवं उनके नाम लिखिए: (3x1=3)**

**(i) अफ्रीका**

**(ii) ऑस्ट्रेलिया**

**(iii) अंटार्टिका**

**(iv) अटलांटिक महासागर**

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर दिया गया है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(I) भारत के किस वर्तमान राज्य में कलिंग प्रदेश अवस्थित है? 1


(II) भारत के किस वर्तमान राज्य में सौराष्ट्र प्रदेश अवस्थित है? 1

(III) क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप कौन सा है? 1


(IV) विष का सबसे छोटा महाद्वीप कौन सा है? 1

(V) कौन सा महाद्वीप सालों भर बर्फ से ढंका रहता है? 1

(VI) विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महासागर कौन सा है? 1



भारत– राजनैतिक
INDIA-POLITICAL
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½
20°
16°
12°
8°
Tropic of cancer
Scale
1cm=175 Kms (approx)


THE WORLD
POLITICAL
संसार
राजनैतिक
The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.
The external boundaries and coastlines of India agree with the Record / Master Copy certified by Survey of India.
Scale
0 2000 4000 6000 k.m.
MOOL CHAND & CO.
2587, Nai Sarak, Delhi-110006
Price : ₹ 2.50/-
topographical details within India are based upon Survey of India maps with the permission of the Surveyor General of India.